भारत सरकार

खान मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 3818**

दिनांक 18.12.2024 को उत्तर देने के लिए

**महत्वपूर्ण खनिजों का खनन**

ϯ3818 श्री लाबू श्रीकृष्णा देवरायालू:

क्या खान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि भारत महत्वपूर्ण खनिजों का विशुद्ध आयातक है और यदि हां, तो पिछले पांच वर्षों के लिए तत्संबंधी वर्षवार ब्यौरा क्या है;

(ख) भारत सरकार जिन देशों से सूचीबद्ध 30 महत्वपूर्ण खनिजों में से प्रत्येक का आयात करती है उनका प्रतिशत हिस्सेदारी-वार और कुल मात्रा-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) सरकार द्वारा इन 30 महत्वपूर्ण खनिजों के लिए संसाधन सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार इस तथ्य से अवगत है कि कई महत्वपूर्ण खनिजों को एंड-ऑफ-लाइफ (ईओएल) इलेक्ट्रॉनिक्स या ई-कचरे और बैटरी कचरे से पुनर्चक्रित/पुन: उपयोग किया जा सकता है और यदि हां, तो इस संसाधन प्रवाह का उपयोग करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं; और

(ङ) क्या निजी कंपनियों को महत्वपूर्ण खनिजों के खनन की अनुमति है और यदि हां, तो उन्हें समर्थन देने के लिए क्या प्रोत्साहन संरचनाएं प्रदान की गई हैं, और

(च) यदि नहीं, तो क्या सरकार के पास महत्वपूर्ण खनिज खनन को प्रोत्साहित करने की कोई योजना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

कोयला और खान मंत्री

(श्री जी. किशन रेड्डी)

(क): जी, हां। महत्वपूर्ण और सामरिक खनिजों को खान और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1957 की अनुसूची-1 के भाग 'घ' में सूचीबद्ध किया गया है और इनकी संख्या 24 है। देश में महत्वपूर्ण खनिजों के शून्य या सीमित भंडार/उत्पादन के कारण भारत

अधिकांश महत्वपूर्ण खनिजों का शुद्ध आयातक है। पिछले पांच वर्षों के दौरान शुद्ध आयात का वर्ष-वार ब्यौरा **अनुलग्नक-I** में दिया गया है।

(ख): जिन देशों से भारत 24 महत्वपूर्ण खनिजों में से प्रत्येक का आयात करता है, उनका ब्यौरा कुल मात्रा और प्रतिशत हिस्सेदारी सहित **अनुलग्नक-II** में दिया गया है।

(ग) और (घ): सरकार ने इन 24 महत्वपूर्ण खनिजों के लिए संसाधन सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु अन्य बातों के साथ-साथ निम्नलिखित कदम उठाए हैं:

• केंद्र सरकार को 24 महत्वपूर्ण खनिजों के लिए खनन पट्टे और संयुक्त अनुज्ञप्ति की विशेष रूप से नीलामी करने का अधिकार दिया गया है जिसका उद्देश्य महत्वपूर्ण खनिजों के गवेषण और खनन को बढ़ाना तथा उनकी आपूर्ति में आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करना है। अब तक 24 ब्लॉकों की सफलतापूर्वक नीलामी की गयी है। इसके अलावा, नीलामियों में अधिक भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए महत्वपूर्ण खनिजों की रॉयल्टी दरों को युक्तिसंगत बनाया गया है।

• गहराई में स्थित 29 खनिजों के लिए गवेषण अनुज्ञप्ति नामक एक नई खनिज रियायत शुरू की गई है जिनमें से अधिकांश महत्वपूर्ण खनिज हैं और जिनका गवेषण एवं खनन करना कठिन है।

• राष्ट्रीय खनिज खोज न्यास (एनएमईटी) विभिन्न गवेषण एजेंसियों के माध्यम से महत्वपूर्ण खनिज गवेषण परियोजनाओं का वित्तपोषण करता रहा है।

• सरकार ने केंद्रीय बजट 2024-25 में घरेलू उत्पादन, पुनर्चक्रण, महत्वपूर्ण खनिज परिसंपत्तियों के विदेशी अधिग्रहण और अनुसंधान एवं विकास (आरएंडडी) सहित क्षेत्रों में सामंजस्यपूर्ण दृष्टिकोण अपनाने के लिए एक महत्वपूर्ण खनिज मिशन के गठन की घोषणा की है।

• केंद्रीय बजट 2024-25 की घोषणाओं के भाग के रूप में, आयात स्रोत में विविधता लाने और देश में उनकी आसान निकासी में सहायता करने तथा घरेलू शोधन और प्रसंस्करण को प्रोत्साहित करने के लिए अधिकांश महत्वपूर्ण खनिजों के लिए आयात शुल्क समाप्त कर दिया गया है।

• सरकार ने ऑस्ट्रेलिया, अर्जेंटीना, जाम्बिया, पेरू, जिम्बाब्वे, बोलीविया, मोरक्को, माली, कोलंबिया, चिली, मोजाम्बिक, मलावी, कोट डी आइवर जैसे खनिज समृद्ध देशों की सरकारों और अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) जैसे अंतरराष्ट्रीय संगठनों के साथ भी द्विपक्षीय समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं।

• खान मंत्रालय के तत्वावधान में, विदेशों में महत्वपूर्ण खनिज परिसंपत्तियों के अधिग्रहण के लिए खनिज बिदेश इंडिया लिमिटेड (काबिल) नामक एक संयुक्त उद्यम कंपनी का गठन किया गया है। काबिल ने अर्जेंटीना के कैटामार्का प्रांत के एक सरकारी स्वामित्व वाले उद्यम मैसर्स कैमयेन के साथ अर्जेंटीना में पांच लिथियम ब्लॉकों की खोज और खनन के लिए गवेषण और विकास समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

(ङ) और (च): जी, हां। खान और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1957 [एमएमडीआर, अधिनियम, 1957] और उसके तहत बनाए गए नियमों के प्रावधानों के अनुसार निजी कंपनियों को खनिज रियायतों की नीलामी में भाग लेने के माध्यम से महत्वपूर्ण खनिजों सहित खनिजों का खनन करने की अनुमति दी गयी है। नीलामी पद्धति खनिज ब्लॉकों के आवंटन के लिए नियम-आधारित तंत्र के साथ-साथ ऐसे ब्लॉकों का निष्पक्ष और पारदर्शी मूल्यांकन सुनिश्चित करने के मामले में भावी बोलीदाताओं को प्रोत्साहित करती है।

*****

**अनुलग्नक-I**

**'महत्वपूर्ण खनिजों का खनन' के संबंध में दिनांक 18.12.2024 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 3818 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक-I**

**तालिका: पिछले 5 वर्षों के दौरान महत्वपूर्ण खनिजों का शुद्ध आयात (मूल्य करोड़ रुपये में)**

| क्र.सं. | महत्वपूर्ण खनिज | 2019-20 | 2020-21 | 2021-22 | 2022-23 | 2023-24 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बेरिलियम | 50 | 40 | 95 | 74 | 121 |
| 2 | कैडमियम | 19 | 19 | 23 | 21 | 377 |
| 3 | कोबाल्ट | 205 | 69 | 196 | 141 | 140 |
| 4 | गैलियम | 0.41 | 0.005 | 4 | 0.003 | 0.01 |
| 5 | ग्रेफाइट | 315 | 437 | 664 | 1,069 | 1,104 |
| 6 | इंडियम | 0.41 | 0.005 | 4 | 0.003 | 0.01 |
| 7 | लिथियम | 395 | 298 | 417 | 554 | 541 |
| 8 | मोलिब्डेनम | 1,102 | 935 | 1,705 | 2,389 | 3,481 |
| 9 | नाइओबियम | 36 | 8 | 47 | 21 | 8 |
| 10 | निकल | 3,586 | 3,396 | 5,468 | 6,575 | 6,210 |
| 11 | प्लैटिनम तत्व समूह | 2,413 | 3,480 | 3,277 | 12,212 | 2,152 |
| 12 | फॉस्फोरस | 5,402 | 5,316 | 10,432 | 15,123 | 12,648 |
| 13-14 | पोटाश, ग्लौकोनाइट | 24 | 40 | 79 | 214 | 219 |
| 15 | आरईई | -18 | -73 | -300 | -409 | -247 |
| 16 | रेनियम | 50 | 40 | 95 | 72 | 121 |
| 17 | सेलेनियम | 66 | 64 | 63 | 39 | 59 |
| 18 | टैंटलम | 7.4 | -0.4 | -3.4 | 3.4 | 0.6 |
| 19 | टेल्यूरियम | 2.32 | 2 | 2 | 2.07 | 4.50 |
| 20 | टिन | 1,413 | 1,377 | 2,658 | 3,044 | 2,576 |
| 21 | टाइटेनियम | -58 | -92 | -43 | 7 | 221 |
| 22 | टंगस्टन | 16 | -8 | -103 | -74 | 13 |
| 23 | वैनेडियम | 145 | 78 | 200 | 209 | 156 |
| 24 | ज़िरकोनियम | 607 | 699 | 1,126 | 1,515 | 1,391 |

नोट: महत्वपूर्ण खनिजों के शुद्ध आयात मूल्य में उसके अयस्क, अपशिष्ट एवं स्क्रैप तथा अपरिष्कृत धातु/तैयार उत्पाद शामिल हैं।

**अनुलग्नक II**

'महत्वपूर्ण खनिजों का खनन' के संबंध में दिनांक 18.12.2024 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3818 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक-II

**तालिका: वित्त वर्ष 2023-24 के लिए महत्वपूर्ण खनिजों का देश-वार आयात**

| **क्र. सं.** | **महत्वपूर्ण खनिज** | **विवरण के साथ एचएस कोड** | **देश** | **मात्रा (टन में)** | **% भाग** |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बेरिलियम | 284190- ऑक्सोमेटेलिक या पेरोक्सोमेटेलिक एसिड के अन्य लवण | बेल्जियम | 2,054 | 81 |
| | | | चीन | 161 | 6 |
| | | | वियतनाम | 133 | 5 |
| | | | अन्य | 195 | 8 |
| | | | **कुल** | **2,543** | **100** |
| | | 81121200- बेरिलियम अनरॉट, पाउडर | **कुल** | **0** | **0** |
| | | 81121300- बेरिलियम, अपशिष्ट और स्क्रैप | **कुल** | **0** | **0** |
| 2 | कैडमियम | 28259020- कैडमियम ऑक्साइड | ऑस्ट्रेलिया | 2,421 | 48 |
| | | | कोरिया | 1,798 | 36 |
| | | | चीन | 390 | 8 |
| | | | अन्य | 438 | 9 |
| | | | **कुल** | **5,047** | **100** |
| | | 81126910- कैडमियम, अनरॉट; पाउडर | कोरिया | 2,450 | 25 |
| | | | चीन | 1,548 | 16 |
| | | | जापान | 1,428 | 14 |
| | | | अन्य | 4,470 | 45 |
| | | | **कुल** | **9,896** | **100** |
| | | 81126100- कैडमियम, अपशिष्ट और स्क्रैप | **कुल** | **0** | **0** |
| 3 | कोबाल्ट | 2605- कोबाल्ट अयस्क और सांद्र | यूके | 1 | 91 |
| | | | चीन | 0.1 | 9 |
| | | | **कुल** | **1.1** | **100** |
| | | 28220010- कोबाल्ट ऑक्साइड | बेल्जियम | 313 | 93.9 |
| | | | चीन | 10 | 3.1 |

| क्र. सं. | महत्वपूर्ण खनिज | विवरण के साथ एचएस कोड | देश | मात्रा (टन में) | % भाग |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | फिनलैंड | 8 | 2.4 |
| | | | अन्य | 2 | 0.6 |
| | | | **कुल** | **333** | **100** |
| | | 28220020- कोबाल्ट हाइड्रॉक्साइड | बेल्जियम | 133 | 62 |
| | | | चीन | 45 | 21 |
| | | | कोरिया | 10 | 5 |
| | | | अन्य | 27 | 13 |
| | | | **कुल** | **215** | **100** |
| | | 28220030- वाणिज्यिक कोबाल्ट ऑक्साइड | चीन | 25 | 91 |
| | | | जर्मनी | 1.4 | 5 |
| | | | फ्रांस | 0.95 | 3 |
| | | | **कुल** | **27.4** | **100** |
| | | 81052020- कोबाल्ट, अनरॉट | बेल्जियम | 132.8 | 42 |
| | | | चीन | 96.6 | 30 |
| | | | जापान | 41 | 13 |
| | | | नॉर्वे | 40 | 13 |
| | | | अन्य | 6.5 | 2 |
| | | | **कुल** | **316.9** | **100** |
| | | 81053000- कोबाल्ट, अपशिष्ट और स्क्रैप | **कुल** | **0** | **0** |
| 4 | गैलियम | 811292- अन्य: अनरॉट; अपशिष्ट और स्क्रैप; पाउडर | यूएसए | 0.01 | 100 |
| | | | **कुल** | **0.01** | **100** |
| 5 | ग्रेफाइट | 2504- प्राकृतिक ग्रेफाइट | मेडागास्कर | 24,429 | 45 |
| | | | चीन | 21,326 | 39 |
| | | | मोज़ाम्बिक | 5,548 | 10 |
| | | | अन्य | 3,482 | 6 |
| | | | **कुल** | **54,784** | **100** |
| | | 3801- कृत्रिम ग्रेफाइट; कोलाइडल या अर्ध कोलाइडल ग्रेफाइट; पेस्ट, ब्लॉक आदि के रूप में ग्रेफाइट या अन्य कार्बन पर आधारित तैयारी। | चीन | 67,088 | 66 |
| | | | जर्मनी | 5,435 | 5 |
| | | | संयुक्त अरब अमीरात | 5,354 | 5 |
| | | | अन्य | 24,010 | 24 |
| | | | **कुल** | **1,01,886** | **100** |

| क्र. सं. | महत्वपूर्ण खनिज | विवरण के साथ एचएस कोड | देश | मात्रा (टन में) | % भाग |
|---|---|---|---|---|---|
| 6 | इंडियम | 811292- अन्य: अनरॉट; अपशिष्ट और स्क्रैप; पाउडर | यूएसए | 0.01 | 100 |
| | | | **कुल** | **0.01** | **100** |
| 7 | लिथियम | 28252000- लिथियम ऑक्साइड और हाइड्रॉक्साइड | बेल्जियम | 384 | 33 |
| | | | रूस | 304 | 26 |
| | | | चीन | 228 | 20 |
| | | | अन्य | 231 | 20 |
| | | | **कुल** | **1,148** | **100** |
| | | 28369100- लिथियम कार्बोनेट | आयरलैंड | 400 | 35 |
| | | | नीदरलैंड | 200 | 17 |
| | | | बेल्जियम | 167 | 15 |
| | | | अन्य | 379 | 33 |
| | | | **कुल** | **1,146** | **100** |
| 8 | मोलिब्डेनम | **2613- मोलिब्डेनम अयस्क और सांद्र** | चिली | 5,203 | 39 |
| | | | थाईलैंड | 3,190 | 24 |
| | | | संयुक्त अरब अमीरात | 1,867 | 14 |
| | | | अन्य | 3,222 | 24 |
| | | | **कुल** | **13,482** | **100** |
| | | **282570- मोलिब्डेनम ऑक्साइड और हाइड्रॉक्साइड** | यूएसए | 6,794 | 86 |
| | | | ब्राज़िल | 312 | 4 |
| | | | जर्मनी | 184 | 2 |
| | | | अन्य | 641 | 8 |
| | | | **कुल** | **7,931** | **100** |
| | | **810294-** अनरॉट मोलिब्डेनम, जिसमें केवल सिंटरिंग द्वारा प्राप्त बार और छड़ें शामिल हैं | चीन | 254.7 | 88 |
| | | | हांगकांग | 17.5 | 6 |
| | | | जर्मनी | 10 | 3 |
| | | | अन्य | 6.8 | 2 |
| | | | **कुल** | **289** | **100** |
| | | 810297- मोलिब्डेनम, अपशिष्ट और स्क्रैप | बांग्लादेश | 0.65 | 100 |
| | | | **कुल** | **0.65** | **100** |
| 9 | नाइओबियम | **261590-** नाइओबियम **अयस्क और सांद्र** | जर्मनी | 119 | 37 |
| | | | रूस | 107 | 33 |

| क्र. सं. | महत्वपूर्ण खनिज | विवरण के साथ एचएस कोड | देश | मात्रा (टन में) | % भाग |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | मेक्सिको | 43 | 13 |
| | | | अन्य | 56 | 17 |
| | | | **कुल** | **325** | **100** |
| | | **811292- अन्य:** अनरॉट; अपशिष्ट और स्क्रैप; पाउडर | यूएसए | 0.01 | 100 |
| | | | **कुल** | **0.01** | **100** |
| 10 | **निकल** | **2604- निकल अयस्क और सांद्र** | **कुल** | **0** | **0** |
| | | **282540-निकल ऑक्साइड और हाइड्रॉक्साइड** | ऑस्ट्रेलिया | 90,561.2 | 98.9 |
| | | | चीन | 361.6 | 0.4 |
| | | | स्वीडन | 296 | 0.3 |
| | | | अन्य | 345.7 | 0.4 |
| | | | **कुल** | **91,564.5** | **100** |
| | | **282735- निकल के क्लोराइड** | जापान | 174 | 67 |
| | | | बेल्जियम | 46 | 18 |
| | | | फ्रांस | 20 | 8 |
| | | | अन्य | 18 | 7 |
| | | | **कुल** | **258** | **100** |
| | | **283324- निकेल के सल्फेट** | बेल्जियम | 810 | 53 |
| | | | जापान | 398 | 26 |
| | | | दक्षिण अफ्रीका | 181 | 12 |
| | | | अन्य | 128 | 8 |
| | | | **कुल** | **1,517** | **100** |
| | | **7502- अनरॉट निकल** | नॉर्वे | 5,878 | 17 |
| | | | चीन | 4,942 | 15 |
| | | | नीदरलैंड | 4,500 | 13 |
| | | | जापान | 3,892 | 12 |
| | | | कनाडा | 3,129 | 9 |
| | | | अन्य | 11,392 | 34 |
| | | | **कुल** | **33,733** | **100** |
| | | **7503- निकल अपशिष्ट और स्क्रैप** | सऊदी अरब | 1,061 | 24 |
| | | | यूएसए | 698 | 16 |
| | | | संयुक्त अरब अमीरात | 593 | 14 |

| क्र. सं. | महत्वपूर्ण खनिज | विवरण के साथ एचएस कोड | देश | मात्रा (टन में) | % भाग |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | सिंगापुर | 300 | 7 |
| | | | मलेशिया | 222 | 5 |
| | | | अन्य | 1,473 | 34 |
| | | | **कुल** | **4,346** | **100** |
| 11 | प्लैटिनम तत्व समूह | **7110- प्लैटिनम**, अनरॉट **या अर्ध-निर्मित रूप में**, **या पाउडर के रूप में** | यूके | 3 | 33 |
| | | | संयुक्त अरब अमीरात | 2 | 23 |
| | | | दक्षिण अफ्रीका | 2 | 16 |
| | | | अन्य | 3 | 28 |
| | | | **कुल** | **10** | **100** |
| 12 | फॉस्फोरस | **25101010-** भूमिगत: प्राकृतिक कैल्शियम फॉस्फेट | जॉर्डन | 29,39,360 | 59 |
| | | | मिस्र | 8,33,366 | 17 |
| | | | लेबनान | 4,85,740 | 10 |
| | | | अन्य | 7,13,950 | 14 |
| | | | **कुल** | **49,72,415** | **100** |
| | | **25102010-** भूमि: प्राकृतिक कैल्शियम फॉस्फेट | मोरक्को | 10,91,648 | 29 |
| | | | टोगो | 7,83,271 | 20 |
| | | | अलजीरिया | 7,01,521 | 18 |
| | | | अन्य | 12,53,221 | 33 |
| | | | **कुल** | **38,29,661** | **100** |
| 13-14 | पोटाश , ग्लौकोनाइट | 281520- पोटेशियम हाइड्रॉक्साइड | कोरिया | 21,593 | 74 |
| | | | चीन | 6,304 | 22 |
| | | | ताइवान | 623 | 2 |
| | | | अन्य | 664 | 2 |
| | | | **कुल** | **29,184** | **100** |
| | | 283421- पोटेशियम के नाइट्रेट्स | चीन | 1,471 | 99.86 |
| | | | इटली | 1.78 | 0.12 |
| | | | फ्रांस | 0.15 | 0.01 |
| | | | अन्य | 0.06 | 0.004 |
| | | | **कुल** | **1,472.99** | **100** |
| 15 | आरईई | **28053000- क्षार या क्षारीय मृदा** | चीन | 699 | 59 |

| क्र. सं. | महत्वपूर्ण खनिज | विवरण के साथ एचएस कोड | देश | मात्रा (टन में) | % भाग |
|---|---|---|---|---|---|
| | | **धातुएँ:** दुर्लभ-मृदा धातुएँ, स्कैंडियम और यिट्रियम, चाहे आपस में मिश्रित हों या नहीं | हांगकांग | 234 | 20 |
| | | | जापान | 192 | 16 |
| | | | अन्य | 60 | 5 |
| | | | **कुल** | **1,185** | **100** |
| | | **2846- दुर्लभ मृदा धातुओं के यौगिक, अकार्बनिक या कार्बनिक** | चीन | 780 | 72 |
| | | | जापान | 148 | 14 |
| | | | कोरिया | 90 | 8 |
| | | | अन्य | 68 | 6 |
| | | | **कुल** | **1,086** | **100** |
| 16 | रेनियम | **284190-** ऑक्सोमेटेलिक या पेरोक्सोमेटेलिक एसिड के अन्य लवण | बेल्जियम | 2,054 | 81 |
| | | | चीन | 161 | 6 |
| | | | वियतनाम | 133 | 5 |
| | | | अन्य | 195 | 8 |
| | | | **कुल** | **2,543** | **100** |
| | | **81124110-** अनरॉट **रेनियम** | **कुल** | **0** | **0** |
| | | **81124120- रेनियम, अपशिष्ट और स्क्रैप** | **कुल** | **0** | **0** |
| 17 | सेलेनियम | **280490- सेलेनियम** | जापान | 214 | 42 |
| | | | कोरिया | 111 | 22 |
| | | | बेल्जियम | 84 | 17 |
| | | | अन्य | 98 | 19 |
| | | | **कुल** | **507** | **100** |
| 18 | टैंटलम | **26159020-** नाइओबियम या टैंटलम अयस्क और सांद्र | **कुल** | **0** | **0** |
| | | **810320-** अनरॉट टैंटलम, जिसमें केवल सिंटरिंग द्वारा प्राप्त बार और छड़ें शामिल हैं; पाउडर | चीन | 0.4 | 98 |
| | | | यूएसए | 0.01 | 2 |
| | | | **कुल** | **0.41** | **100** |
| | | **810330-** टैंटलम, अपशिष्ट और स्क्रैप | **कुल** | **0** | **0** |
| 19 | टेल्यूरियम | **28045020-** टेल्यूरियम | जापान | 3.05 | 46 |
| | | | चीन | 2.68 | 41 |
| | | | लक्समबर्ग | 0.7 | 11 |
| | | | अन्य | 0.15 | 2 |

| क्र. सं. | महत्वपूर्ण खनिज | विवरण के साथ एचएस कोड | देश | मात्रा (टन में) | % भाग |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | **कुल** | **6.58** | **100** |
| 20 | टिन | **2609- टिन अयस्क और सांद्र** | **कुल** | **0** | **0** |
| | | **8001-** अनरॉट **टिन** | इंडोनेशिया | 9,226 | 77 |
| | | | सिंगापुर | 1,161 | 10 |
| | | | मलेशिया | 850 | 7 |
| | | | अन्य | 729 | 6 |
| | | | **कुल** | **11,967** | **100** |
| | | **8002- टिन, अपशिष्ट और स्क्रैप** | **कुल** | **0** | **0** |
| 21 | टाइटेनियम | **2614- टाइटेनियम अयस्क और सांद्र** | मोज़ाम्बिक | 39,946 | 44 |
| | | | मलेशिया | 13,924 | 15 |
| | | | नीदरलैंड | 13,232 | 15 |
| | | | अन्य | 22,819 | 25 |
| | | | **कुल** | **89,921** | **100** |
| | | **2823- टाइटेनियम ऑक्साइड** | कोरिया | 6,150 | 35 |
| | | | चीन | 4,862 | 27 |
| | | | जापान | 1,941 | 11 |
| | | | अन्य | 4,835 | 27 |
| | | | **कुल** | **17,788** | **100** |
| | | **81082000-** अनरॉट टाइटेनियम; पाउडर | चीन | 658 | 72 |
| | | | कजाखस्तान | 180 | 20 |
| | | | रूस | 50 | 5 |
| | | | अन्य | 22 | 2 |
| | | | **कुल** | **910** | **100** |
| | | **81083000-** टाइटेनियम, अपशिष्ट और स्क्रैप | यूएसए | 1,634 | 24 |
| | | | जापान | 1,534 | 23 |
| | | | सिंगापुर | 980 | 14 |
| | | | अन्य | 2,658 | 39 |
| | | | **कुल** | **6,805** | **100** |
| 22 | टंगस्टन | **2611- टंगस्टन अयस्क और सांद्र** | नीदरलैंड | 58 | 78 |
| | | | लिथुनिया | 11 | 15 |
| | | | कनाडा | 5 | 7 |

| क्र. सं. | महत्वपूर्ण खनिज | विवरण के साथ एचएस कोड | देश | मात्रा (टन में) | % भाग |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | **कुल** | **74** | **100** |
| | | **81019400-** अनरॉट टंगस्टन, जिसमें केवल सिंटरिंग द्वारा प्राप्त बार और छड़ें शामिल हैं | चीन | 186.74 | 90 |
| | | | यूएसए | 9.61 | 5 |
| | | | जर्मनी | 4.07 | 2 |
| | | | अन्य | 7.95 | 4 |
| | | | **कुल** | **208.37** | **100** |
| | | **81019700-** टंगस्टन, अपशिष्ट और स्क्रैप | बांग्लादेश | 7.51 | 65.5 |
| | | | यूएसए | 3.94 | 34.4 |
| | | | सिंगापुर | 0.01 | 0.1 |
| | | | **कुल** | **11.46** | **100** |
| 23 | वैनेडियम | **26159010-** वैनेडियम अयस्क और सांद्र | जर्मनी | 119 | 37 |
| | | | रूस | 107 | 33 |
| | | | मेक्सिको | 43 | 13 |
| | | | अन्य | 56 | 17 |
| | | | **कुल** | **325** | **100** |
| | | **282530- वैनेडियम ऑक्साइड और हाइड्रॉक्साइड** | मेक्सिको | 969 | ३१ |
| | | | थाईलैंड | 360 | 12 |
| | | | कुवैत | 325 | 10 |
| | | | अन्य | 1,447 | 47 |
| | | | **कुल** | **3,102** | **100** |
| | | **811292- अन्य:** अनरॉट; अपशिष्ट और स्क्रैप; पाउडर | यूएसए | 0.01 | 100 |
| | | | **कुल** | **0.01** | **100** |
| 24 | ज़िरकोनियम | 26151000- ज़िरकोनियम अयस्क और सांद्र | इंडोनेशिया | 29,239 | 36 |
| | | | ऑस्ट्रेलिया | 15,397 | 19 |
| | | | मलेशिया | 10,639 | 13 |
| | | | अन्य | 26,982 | 33 |
| | | | **कुल** | **82,257** | **100** |
| | | 81092100 - अनरॉट ज़िरकोनियम; पाउडर, जिसमें वजन के हिसाब से 1 भाग से कम हेफ़नियम से लेकर 500 भाग तक ज़िरकोनियम होता है | फ्रांस | 2.64 | 100 |
| | | | **कुल** | **2.64** | **100** |
| | | 81092900- ज़िरकोनियम, अपशिष्ट और स्क्रैप | जापान | 0.36 | 77 |
| | | | यूएसए | 0.09 | 19 |

| क्र. सं. | महत्वपूर्ण खनिज | विवरण के साथ एचएस कोड | देश | मात्रा (टन में) | % भाग |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | जर्मनी | 0.02 | 4 |
| | | | **कुल** | **0.47** | **100** |